# राजस्थान समसामयिकी

# मई, 2025

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

**राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )**

**साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।**

**visit us at : www.sanjivprakashan.com**

# राजस्थान समसामयिकी मई, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 May, 2025

- **16वीं राजस्थान विधानसभा की वर्ष 2025-26 के लिए समितियों का गठन किया गया–**

30 अप्रैल, 2025 को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 16वीं राजस्थान विधानसभा की वर्ष 2025-26 के लिए समितियों का गठन किया है।

**विधानसभा अध्यक्ष द्वारा गठित समितियों के सभापति निम्नानुसार हैं–**

| समिति | सभापति |
|---|---|
| नियम समिति | वासुदेव देवनानी |
| प्रश्न एवं संदर्भ समिति | संदीप शर्मा |
| महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति | श्रीमती कल्पना देवी |
| पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति | केसाराम चौधरी |
| अनुसूचित जाति कल्याण समिति | डॉ. विश्वनाथ मेघवाल |
| अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति | फूल सिंह मीणा |
| गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति | हरिसिंह रावत |
| पुस्तकालय एवं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति | जितेन्द्र कुमार गोठवाल |
| याचिका एवं सदाचार समिति | कैलाश चन्द्र वर्मा |
| विशेषाधिकार एवं अधीनस्थ विज्ञान संबंधी समिति | नरेन्द्र बुडानिया |
| अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं पर्यावरण संबंधी समिति | डॉ. दयाराम परमार |
| सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति | वासुदेव देवनानी |
| जनलेखा (लोकलेखा) समिति | टीकाराम जूली |
| प्राक्कलन समिति 'क' | अर्जुन लाल जीनगर |
| प्राक्कलन समिति 'ख' | बाबू सिंह राठौड़ |
| राजकीय उपक्रम समिति | कालीचरण सर्राफ |

## Newspaper of 2 May, 2025

- **पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हुआ–**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और उदयपुर की सांसद डॉ. गिरिजा व्यास का 1 मई, 2025 को अहमदाबाद के जायडस हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं।

- **इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड का गठन–**
  - राज्य सरकार ने इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड का गठन कर दिया है।
  - 30 अप्रैल, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य सरकार द्वारा राज्य में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड का गठन किया जो 1 मई, 2025 से मान्य होगा। इस बोर्ड में अध्यक्ष एवं पाँच सदस्य होंगे।
  - उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी राज्य में इस पद्धति को कानूनी मान्यता प्रदान की थी, उस समय राजस्थान ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना था।

- **हाल ही में राजस्थान सरकार ने ओरण-भूमि (देवी-देवताओं के नाम पर संरक्षित वन क्षेत्र) के संरक्षण के लिए पूर्व न्यायाधीश जितेन्द्र राय गोयल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2025 में मंजूरी दी थी।**

## Newspaper of 3 May, 2025

- **जयपुर मेट्रो सेकंड फेज; अब सीतापुरा से अंबाबाड़ी की जगह रिंग रोड से टोडी मोड़ तक जाएगी, एयरपोर्ट टर्मिनल-3 भी जुड़ेगा; 11 हजार 500 करोड़ रुपए होंगे खर्च, गवर्नमेंट हॉस्टल पर होगी ट्रेनों की क्रॉसिंग–**

**कुल 36 स्टेशन होंगे, 2 अंडरग्राउंड व बाकी एलिवेटेड**

जयपुर मेट्रो की फाइनल डीपीआर में कुल 36 मेट्रो स्टेशन होंगे। इसमें 2 अंडरग्राउंड और बाकी एलिवेटेड होंगे। मेट्रो अजमेरी गेट से नहीं होकर महारानी कॉलेज से अशोक मार्ग, अहिंसा सर्किल, गवर्नमेंट हॉस्टल, सर्किट हाउस, कलेक्ट्रेट, चिंकारा कैंटीन होते हुए पानीपेच, अंबाबाड़ी से टोडी मोड़ तक जाएगी। इससे पहले शुरूआत में बनी डीपीआर में मेट्रो का रूट अजमेरी गेट, एम.आई. रोड होते हुए रखा गया था।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

जयपुर मेट्रो का सेकंड फेज अब सीतापुरा से अंबाबाड़ी की जगह रिंग रोड से सीकर रोड टोडी मोड़ तक होगा। इसकी लंबाई 20 किमी. बढ़कर 43 किमी. हो गई है। गवर्नमेंट हॉस्टल पर ट्रेनों की क्रॉसिंग होगी। यहाँ से एक ट्रेन चाँदपोल मेट्रो स्टेशन तो दूसरी कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए टोडी मोड़ जाएगी। मानसरोवर और बड़ी चौपड़ जाने वाले लोगों को चाँदपोल से दूसरी ट्रेन लेनी होगी। सर्किट हाउस के पास बनने वाले मेट्रो स्टेशन को जयपुर जंक्शन से एलिवेटेड के जरिए जोड़ा जाएगा ताकि यात्रियों को सड़क पर न चलना पड़े। राइस कंपनी ने फाइनल डीपीआर समिट कर दी है।

**सेकंड फेज बनने के बाद 57 किमी. हो जाएगा मेट्रो का सफर**

सेकंड फेज बनने के बाद मेट्रो का सफर 57 किमी. का हो जाएगा। इसमें 43 किमी. तो सीतापुरा से अंबाबाड़ी-टोडी मोड़ का सबसे बड़ा रूट होगा। 3 किमी. का रूट फेज-1 सी और 11 किमी फेज-1 ए और बी का होगा।

**ये रहेगा मेट्रो सेकंड फेज का रूट**

सीतापुरा-अंबाबाड़ी-टोडी मोड़ तक जाने वाली मेट्रो का रूट कंपनी ने टोडी मोड़-अंबाबाड़ी, पानीपेच, सुभाष नगर, कलेक्ट्रेट सर्किल, सर्किट हाउस, गवर्नमेंट हॉस्टल, अहिंसा सर्किल, अशोक मार्ग, महारानी कॉलेज होते हुए टोंक रोड पर आएगी। यहाँ मानसिंह अस्पताल, रामबाग सर्किल, टोंक फाटक, बीटू बाईपास, जयपुर एयरपोर्ट, सांगानेर, पिंजरापोल गौशाला, हल्दी घाटी गेट, इंडिया गेट से सीतापुरा तक जाएगी। इसमें सांगानेर से जयपुर एयरपोर्ट के बीच में मेट्रो अंडरग्राउंड रहेगी बाकी एलिवेटेड होगी।

## ■ खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर का भव्य विकास होगा–

हाल ही में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की डीपीआर की समीक्षा की।

- ♦ इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार ने राज्य के प्रस्ताव पर पूर्ण बजट स्वीकृत किया है जिससे मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा।
- ♦ डिजिटल म्यूजियम, इंटरप्रिटेशन सेंटर, ओपन एयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो, कथा पंडाल, कैफेटेरिया, पार्किंग, फूड कोर्ट और मुख्य प्रवेश द्वारों की प्रगति की समीक्षा कर उन्होंने आवश्यक सुझाव दिए।
- ♦ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एंट्री पॉइंट्स पर पार्किंग, ड्रेनेज सिस्टम और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसे कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बजट आवंटन की घोषणा की गई।
- ♦ खाटूश्यामजी मंदिर की दर्शन व्यवस्था को और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन, मंदिर कमेटी और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

**Newspaper of 4 May, 2025**

## ■ राष्ट्रीय आयुष मिशन : आयुष अवसंरचना और आउटरीच में राजस्थान अग्रणी राज्य–

उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने 1 व 2 मई को लोनावाला में आयोजित राष्ट्रीय आयुष मिशन कॉन्क्लेव में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

- ♦ इस कॉन्क्लेव में राजस्थान सरकार आयुष स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढाँचे को सशक्त करने, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक आयुष सेवाओं की पहुँच को सुनिश्चित करने और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के साथ एकीकृत कर जन सामान्य के हित में किए जा रहे प्रयासों के लिए राज्य की सराहना की गई।
- ♦ इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय तथा केन्द्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय श्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि राजस्थान में सबसे अधिक संख्या में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं तथा यहाँ तेजी से बुनियादी ढाँचे का विकास हो रहा है, जो इसे भारत के आयुष विस्तार की आधारशिला बनाता है।
- ♦ वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव आयुष मंत्रालय द्वारा कहा गया कि राजस्थान की एनएएम गतिविधियाँ स्वास्थ्य सेवा को मजबूत कर रही हैं, पारंपरिक चिकित्सा उद्योगों को सशक्त बना रही हैं तथा आयुष पारिस्थितिकी तंत्र के लिए कुशल जनशक्ति को बढ़ावा दे रही हैं।

## ■ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान' अभियान का लोगो और थीम सॉन्ग लॉन्च किया–

राज्य में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान' अभियान की शुरूआत की।

- ♦ उप मुख्यमंत्री द्वारा अभियान का नया लोगो और थीम सॉन्ग भी जारी किया गया है।
- ♦ यह लोगो और सॉन्ग लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने और अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।
- ♦ इस अभियान के साथ राजस्थान सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि हर बच्चे को सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- ♦ अभियान के तहत सतर्क निगरानी, सामुदायिक भागीदारी और सरकार की त्वरित कार्रवाई को बढ़ावा दिया जाएगा।
- ♦ अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (RSCPCR) और बाल अधिकार विभाग (DCR) की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं बाल विवाह की

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

आशंका हो तो तुरंत चाइल्डलाइन 1098 या महिला हेल्पलाइन 181 पर जानकारी दें।

## Newspaper of 5 May, 2025

- **पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात योग गुरु बाबा शिवानंद का 128 वर्ष की उम्र में निधन हुआ–**

4 मई, 2025 की रात्रि को पद्मश्री से सम्मानित 128 साल के प्रख्यात योग गुरु बाबा शिवानंद का निधन हो गया। वे लंबे जीवन, सादगी, अनुशासित दिनचर्या और योग-साधना के लिए जाने जाते थे। बांग्लादेश के श्रीहट्ट जिले में आठ अगस्त, 1896 को जन्मे बाबा शिवानंद जब छह साल के थे, उनके भिक्षुक माता-पिता की भूख के कारण मौत हो गई थी। तब से वह आधा पेट भोजन करते थे, चटाई पर सोते थे, लेकिन वृद्धावस्था में भी कठिन से कठिन आसन कर लेते थे।

**नंगे पांव पहुँचे थे पद्मश्री ग्रहण करने**

तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 21 मार्च, 2022 को उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। पद्मश्री ग्रहण करने नंगे पांव राष्ट्रपति भवन पहुँचे थे।

- **राजस्थान की मशहूर फली खेजड़ी सांगरी को जीआई टैग मिला–**

हाल ही में राजस्थान की मशहूर फली खेजड़ी सांगरी को जीआई टैग मिल गया है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर में इसकी पैदावार ज्यादा होती है। अब तक राजस्थान के 16 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। 16वां उत्पाद सोजत मेंहदी थी जिसे 2021 में जीआई टैग मिला था। स्वामी केशवानंद राजस्थान एग्रीकल्चर विवि. ने 17वें उत्पाद खेजड़ी सांगरी को जीआई टैग दिलाने में महती भूमिका निभाई। जीआई टैग के बाद इसके उत्पादों का निर्यात मूल्य 1500 से 3000 रुपए प्रति किलोग्राम होने की संभावना है। जीआई टैग का लेबल लगने से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सांगरी मिलेगी।

## Newspaper of 15 May, 2025

- **आतंकवाद के विरुद्ध सैन्य ऑपरेशन 'ऑपरेशन सिंदूर' स्कूल-कॉलेज के सिलेबस में शामिल होगा, बच्चे सैन्य पराक्रम पढ़ेंगे; राजस्थान ऐसी पहल वाला पहला राज्य–**

ऑपरेशन सिंदूर अब राजस्थान के स्कूल-कॉलेजों में सिलेबस का हिस्सा बनेगा। एक किताब का नामकरण भी 'सिंदूर' के नाम पर होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इसी सत्र से स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव की तैयारी है। ऐसे में भारतीय सैन्य शक्ति की अदम्य साहस से युवा पीढ़ी को परिचित करवाने के लिए इस गौरवगाथा को शामिल किया जाएगा। सरकार नए शिक्षा सत्र से स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव और अपग्रेडेशन कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम में शामिल करने वाला राजस्थान पहला राज्य होगा।

- **माही-बाँसवाड़ा परमाणु परियोजना में चार परमाणु बिजलीघर बनेंगे–**

हाल ही में एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड (एईआरबी) ने माही-बाँसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी 1 से 4) के लिए साइटिंग कंसेंट दे दी है। इसके बाद इस परियोजना की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। अब एईआरबी की मंजूरी मिलने से निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। इस परियोजना को लेकर सरकार और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) पहले ही योजना बना चुकी है। मंजूरी मिलने के बाद अब यह भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। बाँसवाड़ा साइट राजस्थान की दूसरी न्यूक्लियर साइट होगी। इसमें 700 मेगावाट के 4 परमाणु रिएक्टर स्थापित होंगे। अगले 10 सालों में यहाँ 2800 मेगावाट बिजली बनने लगेगी।

## Newspaper of 16 May, 2025

- **हाल ही में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आदेश जारी कर प्रो. अखिल रंजन गर्ग को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलगुरु नियुक्त किया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार पिछले सत्र में कुलपति शब्द को कुलगुरु करने के लिए नया बिल लेकर आयी थी। इसके बाद कुलगुरु के रूप में यह पहली नियुक्ति है। कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक यह पद धारण करेंगे।**

- **7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान ने 24 स्वर्ण, 12 रजत व 24 कांस्य सहित कुल 60 पदक जीते; राजस्थान पूरे देश में तीसरे स्थान पर रहा–**

हाल ही में बिहार में 4-15 मई को आयोजित 7वें खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान ने सर्वाधिक 24 स्वर्ण, 12 रजत व 24 कांस्य पदक के साथ कुल 60 पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र (158 पदक) पहले और हरियाणा (117 पदक) दूसरे स्थान पर रहे। खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स में राजस्थान का साइकलिंग में दबदबा रहा जिसमें सर्वाधिक 9 स्वर्ण, 2 रजत व 3 कांस्य पदक के साथ कुल 14 पदक प्राप्त किए। वहीं शूटिंग में तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते। एथलेटिक्स में दो स्वर्ण, दो रजत, बॉक्सिंग में दो स्वर्ण, एक रजत व चार कांस्य, जूडो में दो स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य, योगा में दो स्वर्ण, एक कांस्य, फेंसिंग में एक स्वर्ण, कलारिपयट्टू में दो रजत, एक कांस्य, तीरंदाजी, स्विमिंग,

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कबड्डी व रग्बी में एक-एक कांस्य पदक के साथ कुल 60 पदक प्राप्त किए हैं जो राजस्थान का खेलो इंडिया नेशनल में रिकॉर्ड प्रदर्शन रहा है।

## Newspaper of 17 May, 2025

- **राजस्थान का पहला भगवान देवनारायण कॉरिडोर भीलवाड़ा में बनेगा, केन्द्र से 48.73 करोड़ मंजूर हुए–**

राजस्थान का पहला भगवान देवनारायण के नाम से कॉरिडोर भीलवाड़ा में बनेगा। केन्द्र सरकार ने प्रसाद योजना के तहत आसींद के मालासेरी डूंगरी सहित पाँच तीर्थस्थलों के विकास के लिए 48.73 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसमें मालासेरी डूंगरी, साडूमाता की बावड़ी, सवाईभोज मंदिर, गढ़ गोठा व बरनागर का करीब 30 किलोमीटर क्षेत्र पर्यटन से जोड़कर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। परियोजना में 23,900 वर्गमीटर का सभास्थल, 500 वर्गमीटर का सभा मंच, 5 प्रवेश द्वार, 12000 वर्ग मीटर में पार्किंग, 5 हेक्टेयर भू व क्षेत्र विकास, सवामणी के लिए भोजनशाला, एक बहुउद्देशीय भवन जिसे कथा पांडाल, कॉन्फ्रेंस या मेडिटेशन के उपयोग में लिया जा सकेगा, 500 लोगों के बैठने के लिए दो मंज़िला प्रतीक्षालय, ओपन एयर थिएटर सहित कई निर्माण कार्य होंगे।

- **भारत सरकार की प्रसाद योजना के तहत भीलवाड़ा के आसींद क्षेत्र में भगवान श्री देवनारायण की जन्मस्थली पर नीम कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है, जिसमें 5-10 किमी. क्षेत्र में नीम के पौधे लगाए जाएँगे।**

## Newspaper of 19 May, 2025

- **राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2025 सम्पन्न हुआ–**

9-18 मई, 2025 को राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2025 जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आयोजित हुआ। सहकारिता विभाग और कॉनफेड द्वारा 2003 से आयोजित इस मेले में राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, कश्मीर आदि राज्यों की सहकारी समितियों के उत्पाद बिके। मेले में रिकॉर्ड ₹ 4.10 करोड़ की बिक्री हुई।

## Newspaper of 20 May, 2025

- **कोटा में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र का उद्घाटन हुआ–**

19 मई, 2025 को लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उन्हें सहायक उपकरण वितरित करने के लिए कोटा, राजस्थान में प्रधानमंत्री दिव्यांशा केन्द्र (पीएमडीके) का उद्घाटन किया। पीएमडीके पहल का नेतृत्व सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा किया जाता है।

वर्तमान में विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 45 पीएमडीके केन्द्र कार्यरत हैं।

- **अलवर में श्वेत क्रांति द्वितीय चरण का शुभारंभ हुआ–**

19 मई, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अलवर दुग्ध संघ दिवस के अवसर पर श्वेत क्रांति द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। उन्होंने अलवर शहर की पेयजल योजना तथा अलवर डेयरी के नए उत्पाद मावा और 15 किलो पैक टोन्ड मिल्क दही की भी लॉन्चिंग की।

**श्वेत क्रांति 2.0 के तहत :**

700 नई डेयरियाँ स्थापित होंगी।
₹ 125 करोड़ का बजट अलवर डेयरी को आवंटित।
नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) 5% सब्सिडी पर ₹ 175 करोड़ देगा, जिससे 5 लाख लीटर दुग्ध संयंत्र बनेगा।
1000 क्विंटल गुणवत्तापूर्ण चारा उत्पादन होगा।

## Newspaper of 23 May, 2025

- **प्रधानमंत्री ने बीकानेर से देश के 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया–**

22 मई, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीकानेर, राजस्थान के पलाना (देशनोक) में ₹ 26,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
पीएम नरेन्द्र मोदी ने 18 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में ₹ 1,100 करोड़ से अधिक लागत से बने 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इनमें राजस्थान के आठ स्टेशन (देशनोक, गोगामेड़ी, बूँदी, माण्डलगढ़, गोविंदगढ़, मण्डावर-महुआ रोड, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ़) शामिल हैं।

## Newspaper of 24 May, 2025

- **भाजपा विधायक कंवरलाल की विधानसभा सदस्यता निरस्त–**

23 मई, 2025 को राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक कंवरलाल मीणा की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई।

**सदस्यता रद्द होने का कारण–**

कंवरलाल मीणा पर आरोप था कि उन्होंने उपसरपंच चुनाव के बाद उत्पन्न विवाद के दौरान तत्कालीन उपखंड अधिकारी (SDM) रामनिवास मेहता पर पिस्तौल तान दी थी और सरकारी कार्य में बाधा डाली थी।
दिसम्बर, 2020 में अकलेरा की सत्र अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई, जिसे राजस्थान उच्च न्यायालय ने मई 2025 में बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी और 21 मई, 2025 तक आत्मसमर्पण का आदेश दिया। उन्होंने 21 मई को कोर्ट में आत्मसर्मपण किया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 28 May, 2025

■ **राज्य ओबीसी (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग का गठन हुआ–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग' का गठन किया है। पहली बार गठित इस आयोग में राज्य सरकार ने अध्यक्ष और चार सदस्यों की नियुक्ति भी कर दी है।

इस आयोग का उद्देश्य पंचायत और शहरी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करना है।

■ **राजस्थान में 'बर्तन बैंक योजना' का शुभारम्भ हुआ–**

राजस्थान का पहला 'स्टील बर्तन बैंक' कोटा जिले की रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति खैराबाद में मई, 2025 में शुरू किया गया है। खैराबाद पंचायत समिति में स्थापित स्टील बर्तन बैंक में प्रारंभ में 900 स्टील बर्तनों के सेट रखे गए हैं, जिनमें आवश्यकतानुसार वृद्धि की जाएगी। प्रत्येक सेट में 1 प्लेट, 3 कटोरी, 1 चम्मच और 1 गिलास उपलब्ध कराया जाएगा।

राजस्थान सरकार द्वारा प्लास्टिक मुक्त आयोजनों को प्रोत्साहित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में 'बर्तन बैंक योजना' की शुरुआत की गई है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के बजट के तहत 'बर्तन बैंक योजना' के प्रथम चरण में 1,000 ग्राम पंचायतों को ₹ 1-1 लाख के स्टील बर्तन उपलब्ध कराए जाएँगे।

बर्तन बैंक का संचालन राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा।

## Newspaper of 29 May, 2025

■ **सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के लिए के.आर. श्रीराम की मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से तबादले की सिफारिश की–**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने राजस्थान, मद्रास, त्रिपुरा व झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। केन्द्र सरकार की ओर से इस बारे में अधिसूचना जाएगी। इसके अन्तर्गत राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव का मद्रास हाईकोर्ट और वहाँ से मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम का राजस्थान तबादला किया जा रहा है।

## Newspaper of 30 May, 2025

■ **विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ हुआ–**

29 मई, 2025 को भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया गया। राज्य स्तरीय शुभारम्भ अजमेर की ग्राम पंचायत रलावता में किया गया।

## Newspaper of 31 May, 2025

■ **राजस्थान सरकार ने पहाड़ी पर पानी एकत्र करके बिजली उत्पादन करने के 8720 मेगावाट के 8 पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट को मंजूरी दी–**

हाल ही में राज्य सरकार ने पहाड़ी पर पानी एकत्र करके बिजली उत्पादन करने के 8720 मेगावाट के 8 पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इनमें तीन केन्द्र सरकार के उपक्रम एनएचपीसी, टीएचपीसी, एसजेवीएन के 3960 मेगावाट प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। वहीं निजी कंपनियों में ग्रीनको, जवाई एनर्जी, अवाडा एक्वा के 4760 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट के लिए रजिस्ट्रेशन कर लिया है। इनमें से ज्यादातर साइट बड़े बांध के पास हैं। अक्षय ऊर्जा निगम के प्रस्ताव पर जल संसाधन विभाग ने पानी आवंटन के लिए सैद्धांतिक सहमति भी दे दी है।

**सरकारी प्रोजेक्ट**

- **एनएचपीसी** के तीन प्रोजेक्ट अलग-अलग जगह लगेंगे। इनमें सिरोही में जवाई बाँध के पास 1000 मेगावाट, बाँसवाड़ा में 1000 मेगावाट और जाखम बाँध के पास 580 मेगावाट क्षमता का प्रोजेक्ट है।
- **टीएचपीसी** का बीसलपुर बाँध के पास 800 मेगावाट क्षमता का प्रोजेक्ट।
- **एसजेवीएन** का प्रतापगढ़ में 580 मेगावाट का प्रोजेक्ट लगेगा।

**निजी प्रोजेक्ट**

- **ग्रीनको** का चित्तौड़गढ़ के सुखपुरा में 2560 मेगावाट का प्रोजेक्ट।
- **जवाई** एनर्जी का 640 मेगावाट का प्रोजेक्ट शिवगंज सिरोही में लगेगा।
- **अवाडा** एक्वा का 1560 मेगावाट का प्रोजेक्ट पिंडवाड़ा, सिरोही में लगेगा।

■ **सांसद पीपी चौधरी और मदन राठौड़ का संसद रत्न अवॉर्ड के लिए चयन–**

मई, 2025 में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन की ओर से संसद रत्न पुरस्कार-2025 की घोषणा की गई है, इनमें राजस्थान के दो सांसदों का चयन 'संसद रत्न अवॉर्ड 2025' के लिए किया गया है। जिनमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ और पाली सांसद पीपी चौधरी हैं।

उल्लेखनीय है कि पीपी चौधरी को इससे पूर्व वर्ष 2015 और वर्ष 2016 में भी संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। □□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com